प्रेषक,

निदेशक,
संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद,
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में,

निदेशक
प्राविधिक शिक्षा उ0प्र0,
कानपुर।

संख्या : 410 / संप्रपप / ई–2 प्रशा0 / 2021 दिनांक 06 अप्रैल, 2021

विषय : संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ में सचिव के पद पर प्रतिनियुक्ति हेतु विज्ञप्ति।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि सचिव, प्राविधिक शिक्षा / अध्यक्ष, संप्रपप की ओर से जारी विज्ञप्ति आपको संलग्न कर इस आशय के साथ प्रेषित की जा रही है कि कृपया इस विज्ञप्ति को ''यूराईज पोर्टल'' पर प्रकाशित कराने के साथ ही विभागीय अधिकारियों के मध्य प्रसारण कराने तथा सर्वसम्बन्धित को भिजवाने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय

सुनील कुमार चौधरी
निदेशक

विज्ञप्ति

दिनांक :06 अप्रैल, 2021

संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र, लखनऊ की विज्ञप्ति दिनांक 20.01.2021 द्वारा शासन के पत्र संख्या 59/सोलह–2–2021 दिनांक 20 जनवरी, 2021 के क्रम में संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र, लखनऊ के सचिव पद पर विहित शर्तों के अधीन प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति/तैनाती हेतु वेतनमान रू0 15600–39100, ग्रेड पे0 रू0 7600/– में उ0प्र0, प्राविधिक शिक्षा विभाग/राजकीय पालीटेक्निक संस्थाओं में नियमित रूप से नियुक्त प्रधानाचार्यों के आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

वर्तमान में लोक सेवा आयोग के माध्यम से कतिपय कार्मिकों की प्रधानाचार्य पद पर प्रोन्नति की गई है अतः ये प्रधानाचार्य भी उक्त पद के आवेदन करने हेतु पात्र हो गये हैं।

अतः पूर्व में निर्गत विज्ञप्ति दिनांक 20.01.2021 के क्रम में उपरोक्त नवनियुक्त प्रधानाचार्यों से भी सचिव के पद हेतु आवदेन आमंत्रित किये जाते हैं। पूर्व विज्ञप्ति के क्रम में आवेदन कर चुके प्रधानाचार्यों को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

इच्छुक अभ्यर्थी/प्रधानाचार्य सादे कागज पर अपना आवेदन पत्र पूर्ण बायोडाटा सहित निदेशक, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र, 1, गुरू गोविन्द सिंह मार्ग, बांसमण्डी चौराहा, लखनऊ, पिन कोड–226027 के ई0 मेल jeecup17@gmail.com पर विलम्बतम दिनांक 15 अप्रैल, 2021 तक पी0डी0एफ0 फार्मेट में प्रेषित कर सकते हैं। अपूर्ण एवं अन्तिम तिथि 15 अप्रैल, 2021 के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

6/4

आलोक कुमार
सचिव
प्राविधिक शिक्षा/अध्यक्ष
संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद,
उ0प्र0, लखनऊ।